राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–283/2023

राज्यपाल ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर उन्हें नमन किया

पटना, 31 अक्टूबर, 2023 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में पटेल चौक, चितकोहरा, पटना स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, अन्य मंत्रीगण एवं गणमान्य लोगों ने भी सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

समारोह में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन किया गया तथा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये गए। बिहार गीत की प्रस्तुति भी हुई।

....